# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–06 अप्रैल 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की आठ सीटों के लिये दाखिल एक सौ पचहत्तर नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया पूरी। आठ अप्रैल तक वापस लिये जा सकेंगे नाम। मतदान छब्बीस अप्रैल को।
- निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ की बैठक। कार्ययोजना तैयार करने का दिया निर्देश।
- कांग्रेस ने चुनावी घोषणापत्र किया जारी : अगले तीन वर्षों में तेइस करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने और देश में अधिक रोजगार सृजन का वादा।
- सुप्रीम कोर्ट ने यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम–दो हजार चार को असंवैधानिक और धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ बताने वाले इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर लगाई रोक।

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की आठ सीटों के लिये दाखिल नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया कल पूरी हो गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि दूसरे चरण में प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों के लिये कुल एक सौ पचहत्तर प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। इसमें गाजियाबाद में सर्वाधिक पैंतीस प्रत्याशी और बुलंदशहर में सबसे कम दस प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। इसके अलावा अमरोहा में इक्कीस, मेरठ में बाइस, बागपत में सोलह, गौतमबुद्धनगर में चौंतीस, अलीगढ़ में इक्कीस और मथुरा में सोलह प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। अमरोहा में कल नौ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र, कमी पाए जाने पर उन्हें निरस्त कर दिया गया। इस सीट से नामांकन करने वालों में अब बारह प्रत्याशी ही मैदान में हैं।

दूसरे चरण के लिये आठ अप्रैल नामांकन वापसी की आखिरी तारीख है। इस चरण में प्रदेश की आठ सीटों–अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा के लिए छब्बीस अप्रैल को वोट डाले जाएंगे और मतगणना चार जून को होगी।

**********

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चयनित जिलों के निगम आयुक्तों और चुनाव अधिकारियों को मतदान केन्द्र वार कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग–अलग कार्यनीतियां बनाने को कहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कल नई दिल्ली में उत्तर प्रदेश सहित उन ग्यारह राज्यों के निगमायुक्त और चुनाव अधिकारियों के साथ बैठक की, जहां पिछले चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी कम रही थी। बैठक का उद्देश्य दो हजार चौबीस के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाना है।

बैठक में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने अधिकारियों को इस प्रकार काम करने का निर्देश दिया, जिससे मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी से गौरवान्वित महसूस करें। उन्होंने ऐसे प्रयासों की अपील की, जिसमें लोग मतदान के लिए स्वयं प्रेरित हों। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में कम मतदान वाले दौ सौ पंद्रह ग्रामीण और इक्यावन शहरी संसदीय क्षेत्रों की पहचान की गई है, जहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास किये जाएंगे। इसके लिए उन्होंने त्रिसूत्रीय रणनीति पर बल दिया, जो कि मतदान केन्द्रों पर सुविधाएं बढ़ाना, लक्षित ढंग से मतदाताओं तक पहुंचना और लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण पक्षों को शामिल करना है।

बैठक में प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कम मतदान प्रतिशत वाले जनपदों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही सम्बन्धित जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिये गये हैं। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रदेश स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ निरन्तर बैठक कर उनका मतदाता जागरूकता में सहयोग लिया जा रहा है।

लखनऊ, कानपुर, दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई, बेंगलुरू, हैदराबाद, अहमदाबाद, पुणे, ठाणे, नागपुर और पटना साहिब के निगम आयुक्त तथा बिहार और उत्तर प्रदेश के कुछ चयनित जिलों के चुनाव अधिकारी विचार–विमर्श में शामिल हुए।

**********

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी कर दिया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने कल नई दिल्ली में घोषणा पत्र जारी किया।

घोषणा पत्र में प्रतिदिन चार सौ रूपये की न्यूनतम मजदूरी की गारंटी, प्रत्येक गरीब परिवार को प्रतिवर्ष एक लाख रूपये, केन्द्र सरकार की नौकरियों में महिलाओं के लिए पचास प्रतिशत सीटों के आरक्षण का वादा किया गया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित जनगणना के वादे भी घोषणा पत्र में शामिल हैं। कांग्रेस ने अगले दशक में तेइस करोड़ लोगों के जीवन में सुधार लाकर गरीबी समाप्त करने का भी वादा किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि उनकी पार्टी का घोषणा पत्र पंच न्याय यानी न्याय के पांच स्तम्भों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में चली भारत जोड़ो न्याय यात्रा में पांच पिलर्स पर ध्यान केंद्रित किया गया था। यात्रा के दौरान युवा न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय की घोषणा की गई थी। जहां कहीं भी हम गए न्याय की बात हमने की और इसकी गांरटी भी हमने दी है।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम–2004 को असंवैधानिक और धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ बताने वाले इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगा दी है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर केन्द्र और उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है।

**********

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल बागपत और अलीगढ़ में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में रैली की।

बागपत में भाजपा और लोकदल के संयुक्त प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान के समर्थन में रैली को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि पहली बार किसानों के मसीहा के रूप में चौधरी चरण सिंह को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न प्राप्त हुआ है। ये न केवल अन्नदाताओं का सम्मान है, बल्कि यूपी वालों का गौरव भी है।

अलीगढ़ में भाजपा प्रत्याशी सतीश कुमार गौतम के समर्थन में हुयी रैली में श्री योगी ने कहा कि भारत का विकास तभी संभव है, जब उत्तर प्रदेश का विकास हो और उत्तर प्रदेश का विकास तभी संभव है, जब साथ में अलीगढ़ का विकास हो।

उधर, समाजवादी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कल बयान जारी कर कहा कि लोकसभा चुनाव में कुछ प्रत्याशियों के परिवर्तन का अर्थ है कि समाजवादी पार्टी में लोकतंत्र है। पार्टी अपने कार्यकर्ताओं की आवाज को सम्मान देती है, जबकि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व असहमति को कुचल देता है।

**********

बलरामपुर में नौ अप्रैल से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्रि के अवसर पर राजकीय मेले का आयोजन किया जायेगा। इसके लिये जिला प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। पेश है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट...

***बलरामपुर के तुलसीपुर नगर में स्थित देवीपाटन शक्ति पीठ पर 09 अप्रैल से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्रि पर लगने वाले राजकीय मेले को सकुशल,शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु पूरी तैयारी जिला प्रशासन द्वारा किया गया है। तैयारी बैठक महंत देवीपाटन मंदिर मिथिलेश नाथ योगी की अध्यक्षता में की गई है।बैठक में मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, रैन बसेरा, पेयजल व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था, मंदिर तक आने वाली सड़कों की मरम्मत, जल निकासी, पार्किंग व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए बसों की व्यवस्था, ट्रैफिक मैनेजमेंट, चिकित्सीय सुविधा आदि की बिंदुवार की गई। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पूरे मंदिर परिसर को 7 सेक्टर में बांटा गया है। मेले के दौरान पर्याप्त संख्या में पुरुष एवं महिला पुलिस फोर्स लगाई जाएगी। मेले के दौरान रेलवे द्वारा टिकट काउंटर बढ़ाए जाएंगे तथा गोंडा से तुलसीपुर तक के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। मंदिर परिसर में पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने कभी निर्देश दिया गया। एक माह तक चलने वाले मेलों की तैयारी के संबंध में मंडल आयुक्त देवीपाटन मंडल, जिलाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी द्वारा बैठक कर तैयारी की समीक्षा की गई है।***

**********

पवित्र रमजान के आखिरी जुमे पर कल अलविदा की नमाज प्रदेश भर की मस्जिदों में पूरी अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। एटा शहर की जामा मस्जिद में सैकड़ों की तादाद में जुटे नमाज़ियों ने अमन चैन की दुआ मांगी। बदायूं, रायबरेली, अमरोहा, पीलीभीत, गोरखपुर, लखनऊ, अयोध्या, जौनपुर सहित मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद पर अलविदा की नमाज शांति पूर्वक संपन्न हुई।

**********

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड – सीबीडीटी ने करदाताओं को मूल्यांकन वर्ष दो हजार चौबीस–पचीस के लिए पहली अप्रैल दो हजार चौबीस से अपने आयकर रिटर्न–आई टी आर दाखिल करने की सुविधा प्रदान की है।

**********